

## ताजियों का हुआ विसर्जन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मुस्लिम समुदाय का मोहर्रम पर्व सद्भावना के साथ संपन्न हुआ । सोमवार मोहर्रम की 11 तारीख को सुबह के वक्त सभी ताजिये नये बस स्टैंड बाबली अखाड़ा दरगाह शरीफ के पास एकत्रित हुए काफी देर तक वहा पर मजमा रहा। लोगो ने अकीदत के साथ ताजियों के दीदार कर लोभान अगरबत्ती रेबड़ी तंररूक पेश किया । मजमे के बाद सभी ताजिये एक कतार में शक्कर नदी पुल से इमाम आली मकाम की शान में नारे लगाते हुए करबला विसर्जन होने के लिए रवाना हुए। शिवांगन कालोनी के पीछे नदी के पास बने कुंड में सभी ताजियो को ठंडा किया गया । इस दौरान नियाज फातिहा पढ़कर दुआएं की गई। करबला में तबर्रुक लंगर भी तकसीम हुआ। पुलिस के जवान व नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# बारिश ने बिगाड़ा खेती किसानी का गणित

## सड़ गया बीज, नही हो पाई 60 प्रतिशत बोवनी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में लगातार पिछले तीन सप्ताह से हो रही बारिश के कारण खेती-किसानी का गणित बिगड़ गया है। निरंतर बारिश से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। लगातार बारिश के कारण जिन किसानों ने पूर्व में कम बतर मिलने पर भी खरीफ की फसलों की बोवनी कर दी थी उनकों भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनेक किसानों ने बताया कि बीज लगातार बारिश के कारण खराब हो गया है। वहीं जिले में अभी तक 60 प्रतिशत किसान खरीफ फसलों की बोवनी नही कर पाये हैं। क्योंकि अनवरत बारिश के कारण बतर नही मिल रही और बोवनी नही हो पा रही है। किसानों ने बताया कि लगभग खरीफ फसलों की बोवनी का समय निकलता जा रहा है। जबकि मौसम अभी भी खुला नही है और बारिश रूकने का नाम नही ले रही है। यदि तीन-चार दिन और यही आलम रहा तो खरीफ फसल की बोवनी नही हो पायेगी।





**खेतों में भरा बारिश का पानी, पिछड़ी बोवनी** - पिछले एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है। लगातार बारिश के कारण खेत खलिहान तालाब में तब्दील हो गए हैं। जहां-तहां पानी ही पानी नजर आ रहा है। ऐसे में जिन किसानों ने पहले खरीफ फसल की बोवनी कर ली थी उनका बीज नष्ट हो गया वहीं अधिकांश किसानों के खेतों में पानी भरा होने से बोवनी-बखरनी का कार्य नही हो पा रहा है। किसान मौसम खुलने का इंतजार कर रहा है।

### नदी-नाले उफान पर कई मार्ग हुए बंद

जिले में पिछले 48 घंटे से अधिक समय से हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। जिससे जिला मुख्यालय का संपर्क कई क्षेत्रों से टूट गया है। बारिश के कारण छोटी-बड़ी नदियों का बहाव तेज हो गया है और कई पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में पिछले 48 घंटे के भीतर लगभग 12 इंच (300 मिमी) वर्षा दर्ज की गई है । वहीं सोमवार को भी बारिश का सिलसिला बना रहा मौसम विभाग के अनुसारआगे भी बारिश होने की संभावना है। लगातार हो रही बारिश से जिले की प्रमुख नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिनमें नर्मदा, शेड़, सीतारेवा, शक्कर, और सींगरी शामिल हैं। लगातार हो रही वर्षों के कारण कई क्षेत्रों से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट गया है। किसानों को अपने कृषि कार्य के लिए गांव से शहर आना-जाना पड़ता है लेकिन मार्ग बंद होने से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सार-समाचार

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन करेंगे अंगदान, कराया रजिस्ट्रेशन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भाजयुमो के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन ने अंगदान का संकल्प लिया है। उन्होंने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी में अंगदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। उन्होंने अपने परिजनों की सहमति से यह निर्णय लिया। प्रियांक जैन ने कहा कि सनातन धर्म में पूर्वजों की तिथियों पर समाज के लिए कुछ अर्पित करने की परंपरा है। निश्चित रूप से इस पहल से अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी। यह कदम समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देता है। साथ ही यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### मासूम आरव कौरव का होगा दिल का आपरेशन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मानव सेवा ही माघव सेवा है की तर्ज पर स्नेह हार्ट सोसायटी द्वारा 0 से 18 वष तक के हृदय रोग से पीड़ित बच्चो का आपरेशन किया जाता रहा है। इसी इसी तारतम्य में 5 जुलाई शनिवार को हृदय रोग से पीड़ित एक मासूम बच्चे आरव कोरव उम्र 4 माह पिता प्रशांत कौरव ग्राम कजरोटा को आपरेशन के लिये बैंगलोर की प्रसिद्ध मनीपाल हासपिटल के लिए रवाना किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज सेवी स्नेह हार्ट सोसायटी के कोआर्डिनेटर अनिल साहू ने बताया सोसायटी द्वारा गाडरवारा नरसिंहपुर होशंगाबाद सिवनी ईनदोर महाराष्ट्र खंडवा झारखंड तक 82 बच्चों के सफल आपरेशन हो चुके हैं। इसी कड़ी में मासूम बच्चे का चयन कर बैंगलोर के लिए परिवार के साथ रवाना किया गया।

### जूडो संघ द्वारा चयन ट्रायल का आयोजन 12 जुलाई को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला जूडो संघ द्वारा 12 जुलाई को जिला स्तरीय सब जूनियर व कैडेट जूडो टीम बालक - बालिका के लिये चयन ट्रायल असेम्बली हॉल नरसिंहपुर में आयोजित की जा रही है। सब जूनियर वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2011, 2012, 2913 का व कैडेट वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2008, 2009, 2010 का होना चाहिए, सभी प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व मूल निवासी प्रमाण पत्र साथ लेकर आवे, जन्म प्रमाण पत्र 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व का बना हो या रजिस्ट्रेशन हो रखा हो, इस चयन ट्रायल में जिला जूडो संघ नरसिंहपुर से पंजीकृत क्लब एवं खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे जिन क्लब या खिलाड़ियों का पंजीयन जिला जूडो संघ नरसिंहपुर से नही है वह इस चयन ट्रायल में भाग नही ले सकेंगे, इस चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय सब जूनियर व कैडेट जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे चयन ट्रायल दोपहर 11 बजे से आयोजित है।

### वर्षा जनित आपदाओं से निपटने सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में सक्रिय वर्षा ॠतु और संभावित आपदा प्रबंधन को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को सतर्क एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तत्काल मुआवजा और प्रत्येक ग्राम पंचायत में शेल्टर होम की स्थापना प्राथमिकता में रहे।

## बारिश के दिनों में विद्युत घटनाओं से बचाव के लिए किया जा रहा जागरूक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गाडरवारा संभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ता, आम नागरिकों को विद्युत से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए जागरुक किया जा रहा है। बारिश के मौसम में विद्युत करंट का खतरा काफी बढ़ जाता है इन दिनों बड़ी तादात में करंट पीड़ित अस्पतालों में भर्ती होते हैं। वर्षा काल में यदि लोग विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी रखें तो बिजली जनित हादसों की तादात में काफी गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा जहां एडवाइजरी जारी की जाती है एवं आम नागरिकों को जागरूक किया जाता है।



### विद्युत पोल से मवेशी न बांधे,उन्हें छूने से बचें

बारिश के दिनों में बिजली के खंभे छूने से बचें,उसके आसपास अपने मवेशियों को न बांधे । विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि वह अपने विद्युत कनेक्शन में सही केवल का इस्तेमाल करें। सुनिश्चित करें कि विद्युत केविल में कहीं भी कट तो नहीं लगा, खेतों में केविल को निर्धारित मापदंड की ऊंचाई पर रखें, केविल या तार नीचे ना पड़े रहें। खेतों की फेंसिंग के आसपास विद्युत के तार न रहे। कुछ किसान जानबूझकर जंगली जानवरों या मवेशियों को दूर रखने के लिए कटीले तारों में बिजली छोड़ देते हैं ऐसा कदापि न करें । बारिश के मौसम में जमीन गीली होती है तो करंट फैलाव का खतरा बढ़ जाता है।

### बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरुर दें

विद्युत करंट से बचने के लिए घर में उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें । घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं । अपने सभी स्विच, एमसीबी उच्च कोटि की ही काम में लाएं। बगैर जानकारी के किसी भी उपकरण को छूने, खोलने से बचें। यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के ऊपर से नीचे हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज या फिर सबस्टेशन पर सूचना देवे ताकि समय पर सुधार हो सके । यथासंभव बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करें। नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। खेत की मेड पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रखकर ही जुताई करें। बिजली खंबे पर यदि स्पार्किंग हो रही है तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज को अथवा संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दें । यदि बारिश में खंबे पर तेज स्पार्क हो रहा है और आसपास पानी भरा है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचें व दूसरों को भी सावधान करें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हों तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने या लटकने से बचें। विद्युत के पोलो के आसपास मिट्टी का कटाव न करें।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया पौधरोपण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** म.प्र. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, नरसिंहपुर द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन गौरीशंकर पार्क, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया गया।



इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के तिल चित्र पर तिलक वंदन कर की गई, जिसमें नगर के अनेक वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक की रोकथाम, तथा ग्राहक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संभाग संगठन मंत्री बृजेश जैन ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे संगठन का उद्देश्य सिर्फ उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे जरूरी विषयों पर भी समाज को जागरूक करना है।

वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में हमारे द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छ, हरा-भरा और प्लास्टिक मुक्त भारत के

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

निर्माण हेतु योगदान देने और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर पर्यावरण की रक्षा हेतु सामूहिक भागीदारी दिखाई गई। सभी अतिथियों ने मिलकर पार्क परिसर में पौधे लगाए और उनके संरक्षण का उत्तरदायित्व लिया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से चिपिन गोयल, सत्यम साव, पलाश शर्मा, एडवोकेट संदीप नैमा, हेमबीर साहनी, अमनदीप अरोरा, मोहित तिवारी, आदित्य पटेल, प्रेम कुमार, नोरिया, साहिल, राहुल यादव, गुलशन एवं आदर्श अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो कार की टक्कर से युवक की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत अमानगंज किशनगढ़ रोड पर भीषड़ सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक स्कॉर्पियो कार द्वारा मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा कार चालक वहां को भागते हुए पन्ना की ओर निकल पड़ा ।

जानकारी के अनुसार उक्त घटना ग्राम जीज गांव में हुई है जहां पर ग्राम गढ़ोखर निवासी ग्यासी पिता कलुआ चौधरी उम्र 45 वर्ष अमानगंज से किशनगढ़ की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था इस दौरान स्कॉर्पियो कार के वाहन चालक द्वारा सामने से टक्कर मार दी जिससे वह वही गिर गया तथा इलाज के पूर्वी उसकी मौत हो गई तथा वाहन चालक तेज रफ्तार में पन्ना की ओर भाग गया घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने बड़ी मुश्किल से वाहन का नंबर आदि सर्च कर लिया है उक्त वाहन ग्रामीण विकास यांत्रिकीय विभाग में पदस्थ रहे सेवा निर्वात एसडीओ बीएस यादव का बताया जा रहा है वाहन क्रमांक एमपी 135द्ग 0051 हैं फिलहाल पुलिस द्वारा संबंधित वाहनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है उक्त घटना लगभग 12<sup></sup>30 बजे की है ।

## मंदिरों में वीआईपी कलचर बंद होना चाहिए






**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हम सबको अपने सनातन धर्म के लिए कार्य करना चाहिए। जीवन में सदाचरण को अपनाना चाहिए। सभी को अपने नजदीकी मंदिरों में जाना चाहिए। किन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि बहुत से बड़े मंदिरों तीर्थ स्थानों पर वीआईपी कल्चर बन गया है।

इस वीआईपी कलचर के कारण आम श्रद्धालु को अत्याधिक परेशानी होती है। गाय की सेवा में हम सब जुटें और मध्यप्रदेश सरकार को गाय को गौमाता राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए। उक्त बात तुलसी मानस भवन में आयोजित दिव्य महा दरबार में बृजबिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज ने कही। उन्होने कहा कि गाय को सरकार संरक्षण दे इसके लिए वे लगातार मांग कर रहे हैं। 10 हजार ग्रामों को गौ माता ग्राम घोषित करने के लिए 90

### सरकार गाय को गो माता का दर्जा प्रदान करे

दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा पर हैं और सनातन धर्म के लोग इस कार्य में आगे आ रहे हैं। अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज ने अफसोस के साथ कहा कि नेताओं का गाय संरक्षण की दिशा में रवैया उदासीन है।

हम चाहते हैं कि सरकार गौशाला के लिए भूमि और सुविधा प्रदान करें इसकी देखभाल समाज के लोग करें।

महाराज श्री ने गाय के गोबर को महत्वपूर्ण बताते हुए गाय की विशेषताओं को विस्तार से बताया । वहीं आपने कहा कि मंदिरों में सरकार का नियंत्रण और हस्ताक्षेप नही होना चाहिए तथा मंदिरों में वीआईपी कलचर आम श्रद्धालु के लिए समस्या पैदा करता है। मंदिरों में पूजा-पाठ और दर्शन के लिए वीआईपी कलचर बंद होना चाहिए। उन्होने कहा कि नरसिंहपुर हमारा अपना है भविष्य में भी वे नरसिंहपुर आयेंगे।

**निकाली गई पर्ची** - तुलसी मानस भवन में आयोजित दिव्य महा दरबार में अनेक लोगों ने महाराज जी से अपनी समस्याएं बताईं । समस्या बताने पर महाराज जी ने पर्ची निकाली जो उनकी समस्याओं के निदान का उल्लेख करते हुए पर्ची में बताई गई समस्या से पर्ची उल्लेख की गई बातों में समानता रही। इससे लोग बेहद प्रभावित हुए। उक्त मौके पर तुलसी मानस भवन प्रतिष्ठान के पदाधिकारी और सदस्यों ने महाराजश्री का स्वागत किया। वहीं ग्राम सिंहपुर में भी शाम के समय महा दरबार लगा।

## पोषण आहार पर विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ.आरबीसिंह के निर्देशन में पोषण आहार सप्ताह के रूप में भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।




जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्रों ने अपने-अपने विचार रखें तथा उन्होंने बताया कि पोषण आहार के अभाव में सबसे अधिक महिलाएं शिकार होती हैए जिन गर्भवती महिलाओं को पोषण की कमी होती हैऔर वे असामयिक मृत्यु की शिकार हो जाती हैं और असमय मृत्यु को प्राप्त हो जाती है।

एनीमिया जैसे असाध्य रोगों का शिकार हो जाती हैऔर छोटे बच्चों को पोषण आहार ना मिलने से उन्हें विभिन्न प्रकार के रोगों का सामना करना पड़ता है और वे पोलियो जैसे बीमारी के शिकार हो जाते हैऔर आजीवन यातना झेलते है। इसलिए पोषण आहार के रूप में उन्हें दूधएदहीए फल और दूध आदि अपने आहार में शामिल करना चाहिए जिससे कि उन्हेंस्वस्थ्य रहने के लिए आवश्यक तत्व मिल सके।

हमारी सरकारपोषण आहार के प्रति जागरूककरने के लिए अत्यंत संवेदनशीलहै। जिससे कि हमारा देश के नागरिक स्वस्थ रहे और राष्ट्र को भी विकसित करने मे अपनी अहम भूमिका का निर्वाहन करेऔर राष्ट्र को भी स्वास्थ्य पर कम खर्च करना पड़े। इसलिए देश के नागरिको को पोषण आहार के प्रति जागरूक करना आवश्यक है ताकि स्वास्थ्य पर कम व्यय हो। इसलिए समाज के लोगों को पोषण आहार के प्रति जागरूक करना परम आवश्यक है।

इस अवससर पर केशव प्रसाद पाण्डेय और डॉ.नमिता साहू उपस्थित थे। रासेयो के स्वयंसेवक छात्र दिनेश अग्रवाल, हर्षित चौरसिया,मानस गुप्ता, विवेक साहूएरोहित नौरिया,मनीषा राजपूत,शिखा वर्मा,यशवन्त साहू,श्रीकुमार साहू आदि अनेक स्वयंसेवक छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड,
महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए